22

# इन्टरनेट ब्राउज़ करना (Browsing the Internet)

## उद्देश्य (Objectives)

इस सैक्शन के अन्त में, आप जान पाएँगे –

- *Web browsers* टर्म को परिभाषित करना।
- वैब पेज में पिक्चर सेव करना।
- वैब पेज प्रिन्ट करना।
- Browser टूलबार पर मौजूद महत्त्वपूर्ण बटनों को पहचानना।
- अस्थाई इन्टरनेट फाइलों को डिलीट करना।

इन्टरनेट ग्लोब में मौजूद अनेकों नेटवर्कों का आपसी जुड़ाव होता है। यह तकनीकी शायद इन्फॉर्मेशन टैक्नालॉज़ी के क्षेत्र में काफी प्रभाव रखती है। इन्टरनेट को इन्फॉर्मेशन का खजाना (*treasure of information)* कहा जा सकता है, जो संसार के सभी लोगों की पहुँच के अन्दर होता है। इन्टरनेट पर जानकारी वैब ब्राउज़र की मदद से प्राप्त की जा सकती है। इन्टरनेट का इस्तेमाल करके जानकारी को ढूंढ़ना भी इन्टरनेट सर्फिंग के नाम से जाना जाता है।

## इन्टरनेट एक्सप्लोरर का इस्तेमाल करना (Using Internet Explorer)


वैब ब्राउज़र वह सॉफ्टवेयर होता है, जो यूजर्स को वैब पेज के साथ जोड़ता है। यह जिन वैब पेजिज को दिखाता है, उनमें टैक्स्ट, ग्राफिक्स, ऑडियो और वीडियो फाइल्स होती हैं। *Microsoft Internet Explorer* और Netscape *Navigator* नामक दो जाने–माने ब्राउज़र उपलब्ध हैं। यह सैशन, माइक्रोसॉफ्ट इन्टरनेट एक्सप्लोरर (Microsoft Internet Explorer) नामक ब्राउज़र के साथ डील करता है।

Microsoft Internet Explorer को खोलने के लिए,

1. *Start* बटन पर क्लिक करें।
2. *Internet Explorer* में से, *All Programs* को चुनें।


©NIIT

Internet Explorer ब्राउज़र विण्डो खुल जाएगी (देखें चित्र 22.1)।




चित्र 22.1: Browser विण्डो

## इन्टरनेट एक्सप्लोरर के फीचर्स (Features of Internet Explorer)

इन्टरनेट एक्सप्लोरर विभिन्न तरह के फीचर्स उपलब्ध कराता है, जो यूज़र को आसानी से वैब को ब्राउज़ करने में मदद देता है। इन्टरनेट पर लाखों वैबसाइट्स मौजूद होती हैं। इन वैबसाइट्स तक पहुँचने के लिए, एक सही एड्रैसिंग स्कीम का अनुसरण करता होता है। प्रत्येक वैबसाइट का अपना एक विशेष एड्रैस होता है। इस एड्रैसिंग स्कीम को *URL* के नाम से जाना जाता है। URL, यूनीफॉर्म रिसोर्स लोकेटर (*Uniform Resource Locator*) का संक्षिप्त रूप है।

वैबसाइट खोलने के लिए,

1. एड्रैस बार में वैबसाइट का *URL* टाइप करें।
2. *Go* बटन पर क्लिक करें।

उदाहरण के लिए, or example, to open the *MSN* वैबसाइट को खोलने के लिए, आपको एड्रैस बार में इस वैबसाइट का URL, www.msn.com टाइप करना चाहिए और फिर Go बटन पर क्लिक करें। URL के दो भाग होते हैं। पहला //, जो फाइल एक्सिस के प्रकार को बताता है। HTTP बताता है कि सर्वर Http प्रकार का है और वैब साइट पर सबसे असानी से मिलता है। अन्य प्रकार जैसे FTP, जो फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (File Transfer Protocol)



©NIIT

(ftp://funet.fi/pub/) का संक्षिप्त रूप है। फाइल सर्वर गोफर का इस्तेमाल करता है जिसका URL gopher:// की तरह होगा (gopher://gopher.nd.edu: 70/11)।

दूसरा भाग मशीन का एड्रैस होता है, जिसमें फाइल होती है।
http://www.whitehouse.gov/WH/Welcome.html, में फाइल Welcome.html मशीन के, WH फोल्डर में मौजूद फाइल Welcome.html के साथ सर्वर का नाम www.whitehouse.gov होगा।

## Browser टूलबार पर मौजूद महत्त्वपूर्ण बटन्स (Important Buttons on the Browser Toolbar)

इन्टरनेट एक्सप्लोरर विभिन्न तरह के बटनों को उपलब्ध कराता है, जो यूज़र को वैब पेजिज द्वारा नेवीगेट करने की योग्यता प्रदान करता है।

### Back बटन

*Back* बटन, बिज़िट किए हुए पहले पेज पर लौटने की अनुमति देता है।




चित्र 22.2: Back बटन

पिछले पेज पर लौटने के लिए, Back बटन पर सिर्फ एक बार क्लिक करें और पहले देख चुके पेजों को देखने के लिए बटन पर क्लिक करते रहें।

### Forward बटन

*Forward* बटन, यूज़र को एक पेज आगे जाने की अनुमति देता है।



चित्र 22.3: Forward बटन

Forward बटन को एक पेज आगे जाने के लिए एक बार क्लिक करें। अब पहले देख चुके पेजों को एक बार दोबारा देखने के लिए Back बटन का इस्तेमाल करें, और, Forward बटन को दबाते रहें।

### Home बटन

वह बटन जिस पर घर की पिक्चर होती है, Home बटन होता है। *Home* बटन का इस्तेमाल वैबसाइट के होम पेज पर वापस आने के लिए किया जाता है।


©NIIT



चित्र 22.4: Home बटन

मौजूदा पेज से होम पेज पर सीधे वापस आने के लिए Home बटन पर सिर्फ एक बार क्लिक करें।

## Stop बटन

इस पर मौजूद क्रॉस के निशान के साथ वाला बटन *Stop* बटन कहलाता है। इस बटन का इस्तेमाल, ब्राउज़र द्वारा किए गए मौजूदा ऑपरेशन को रोकने के लिए किया जाता है।



चित्र 22.5: Stop बटन

कभी-कभी, ब्राउज़र बहुत धीमा हो जाता है और कुछ निश्चित वैब पेजों को डाउनलोड करने में काफी समय लेता है। Stop बटन पर एक बार क्लिक करके यूज़र इस ऑपरेशन को रोक सकता है।

## Refresh बटन

*Refresh* बटन, लेटैस्ट कन्टैन्ट के साथ आपको वैब पेज के कन्टैन्ट्स को अपडेट करने की अनुमति देता है।



चित्र 22.6: Refresh बटन

जब आप Refresh बटन को एक बार दबाते हैं, तो वैब पेज नए बदलावों के साथ अपडेट हो जाता है और यह सबसे नए वर्ज़न के साथ दिखाई देगा।

| टिप | कभी-कभी, आपको `Web page cannot be displayed` नामक ऐरर मेसैज दिखाई देता है। तब आप `Refresh` बटन पर क्लिक करके इसे खोलने की कोशिश कर सकते हैं। |
| --- | --- |



©NIIT

## वैब पेज सेव करना (Saving a Web page)

आप वैब पेज को अपनी हार्ड डिस्क में सेव कर सकते हैं। इससे सम्बन्धित सभी ग्राफिक्स फाइलें और वैब पेज भी इस पेज के साथ ही सेव हो जाते हैं।
वैब पेज को सेव करने के लिए आप File मेन्यू पर मौजूद Save या Save As विकल्पों का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप वैब पेज को HTML फाइल की तरह या एक टैक्स्ट डॉक्यूमैन्ट की तरह भी सेव कर सकते हैं।

## पिक्चर सेव करना (Saving a Picture)

आप पिक्चर्स को वैब पेज से अपनी हार्ड डिस्क पर सेव कर सकते हैं। इन पिक्चर्स को डैस्कटॉप के बैकग्राउण्ड की तरह भी सैट किया जा सकता है।

पिक्चर सेव करने के लिए,

1. माउस कर्सर को पिक्चर पर रखें और इसके ऊपर राइट क्लिक करें।
2. दिखाई दे रही शार्टकट मेन्यू में से *Save Picture As* विकल्प को चुनें।
3. *Save Picture* डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा।
4. *File name* टैक्स्ट बॉक्स में पिक्चर के लिए नाम टाइप करें।
5. *Save* बटन पर क्लिक करें।

| | |
|---|---|
| नोट | डिफॉल्ट रूप से, पिक्चर `My Pictures` नामक फोल्डर में सेव होगी। |

## वैब पेज प्रिन्ट करना (Printing a Web Page)

यदि आप वैबसाइट में से कुछ उपयोगी जानकारी को प्राप्त करना चाहते हैं, तो आप वैब पेजिज का प्रिन्ट आउट भी ले सकते हैं।

वैब पेज प्रिन्ट करने के लिए,

1. *File* मेन्यू पर क्लिक करें।
2. *Print* कमॉण्ड को चुनें।
3. वैब पेज की प्रिन्टिंग शुरू करने के लिए OK बटन पर क्लिक करें।

टूलबार से दूर ऊपर बने बटनों में दो और बटन होते हैं जो बहुत उपयोगी होते हैं। वे हैं Favorites बटन और History बटन।


# Favorites

Favorites का इस्तेमाल सबसे आम साइट्स के एड्रैसों को स्टोर करने के लिए किया जाता है। यह यूज़र को बार–बार देखे जाने वाले वैब पेजों को व्यवस्थित रखने और उनसे जुड़ने में मदद करता है।

## Adding to Favorites

नीचे दिए गए चरणों का अनुसरण करके आप फेवर्टीज़ पेजों की लिस्ट में वैब पेज को जोड़ सकते हैं। अपनी फेवर्टीज़ में वैब पेज को जोड़ने के लिए,

1. *Favorites* मेन्यू में से *Add to Favorites* विकल्प को चुनें। Add Favorite डायलॉग बॉक्स दिखाई देता है।





चित्र 22.7: Add Favorite डायलॉग बॉक्स

2. *Name* टैक्स्ट बॉक्स में नाम टाइप करें
3. वैबसाइट ऑफलाइन देखने के लिए, *Make available offline* चैक बॉक्स को सिलैक्ट करें।
4. OK बटन पर क्लिक करें

## फेवरिट्स से वैब पेज तक पहुँचना (Accessing a Web Page from Favorites)

यूज़र अक्सर जिन वैब पेजों को देखता है, उन पर फेवरिट्स के ज़रिए बहुत जल्दी पहुँच सकता है। ऐसा करने से बार – बार किसी वैब पेज को ढूंढ़ने में लगने वाला समय बचता है। फेवरेट्स के ज़रिए वैब पेज तक पहुँचने के लिए,

1. Standard buttons टूलबार से *Favorites* बटन पर क्लिक करें।




चित्र 22.8: Standard buttons टूलबार

2. Favorite पेजों की लिस्ट स्क्रीन के बाईं तरफ दिखाई देती है।
3. जो वैब पेज खोला जाना है उसके नाम पर क्लिक करें।
   बैव पेज दिखाई देगा।

## History फोल्डर

हिस्ट्री (History) फोल्ड यूज़र द्वारा विज़िट किए गए सभी बैव पेजों की लिस्ट रखता है। यह फोल्डर्स की लिस्ट में बैव पेजों को स्टोर करता है, डिफॉल्ट रूप से ब्राउज़र 20 दिनों से ज़्यादा की जानकारी स्टोर करता है।

अभी विज़िट किए गए पेजों की दोबारा से विज़िट करना,

1. *History* बटन पर क्लिक करें। फोल्डर्स की लिस्ट दिखाई देती है।
2. अपने ज़रूरत के फोल्डर या बैव पेज को देखने के लिए, इस पर क्लिक करें।

## Cache

Cache कंप्यूटर की हार्डडिस्क के प्लेस के संदर्भ में इस्तेमाल होता है। जिन बैव पेजों का आपने अभी–अभी विज़िट किया है, वे कैचे के अस्थाई रूप से स्टोर होती हैं। इस प्रकार, हाल ही में विज़िट किए गए वैब पेजों को जल्दी से देखा जा सकता है।

## अस्थाई इन्टरनेट फाइल्स (Temporary Internet Files)


हाल में विज़िट की गई वैबसाइटों से सम्बन्ध रखने के लिए, इन्हें *Temporary Internet files* फोल्टर में स्टोर किया जाता है। यदि इस फोल्डर में फाइलों की संख्या बढ़ेगी, तो अन्य फाइलों के लिए हार्ड डिस्क में जगह कम होगी।

और तो और, वैब ब्राउज़र की गति भी कम हो जाएगी और वैब पेजों को डाउनलोड होने में काफी समय लगेगा। इससे बचने के लिए, अस्थाई फाइल्स को समय–समय पर डिलीट करते रहना चाहिए।

अस्थाई इन्टरनेट फाइल्स को डिलीट करने के लिए,

1. *Internet* विकल्पों में से *Tools* को चुनें।
2. Internet Options डायलॉग बॉक्स में, *General* टैब के अन्तर्गत मौजूद *Delete Files* बटन पर क्लिक करें। The Delete Files डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा।


©NIIT




चित्र 22.9: Delete Files डायलॉग बॉक्स

3. यदि आप ऑफलाइन कन्टैन्ट को डिलीट करना चाहते हैं, तो *Delete all offline content* चैक बॉक्स को सिलैक्ट करें।
4. OK बटन पर क्लिक करें।

## चर्चा के लिए (To Discuss)

**रिक्त स्थान भरें (Fill in the blanks)**

1. ______________ नामक सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल वैब पेजों से इन्टरैक्ट करने के लिए किया जाता है।
2. ______________ हार्ड डिस्क पर ऐसा स्थान है जहाँ पर हाल ही में देखे गए वैब पेज स्टोर होते हैं।
3. ______________ वैबसाइट का पहला पेज होता है।
4. क्रॉस के निशान के साथ इस पर मौजूद बटन ______________ बटन होता है।

**सही या गलत बताएँ (State True or False)**

1. Forward बटन का उपयोग सीधे वैबसाइट के अन्तिम पेज पर जाने के लिए किया जाता है।
2. ब्राउज़र की गति धीमी करने के लिए, अस्थाई इन्टरनेट फाइलों को समय–समय पर डिलीट करते रहना चाहिए।

## अब आप जानते हैं (Now You Know)

- वैब ब्राउज़र वह सॉफ्टवेयर पैकेज होता है जो वैब पेजों को दिखाता है।
- होम पेज (*Home page*), पहला वैब पेज होता है जो इन्टरनेट एक्सप्लोरर को लॉन्च करते समय खुलता है।



©NIIT

- *Back* बटन यूज़र को पहले विज़िट किए गए पेज पर वापस आने की अनुमति देता है और *Forward* बटन यूज़र को एक पेज आगे जाने की अनुमति देता है।
- *Home* बटन, आपको वापस होम पेज पर ले जाता है।
- *Stop* बटन, आपको ब्राउज़र में हुई प्रक्रिया को रोकने की अनुमति देता है।
- *Refresh* बटन, आपको सबसे नए कन्टैन्ट के साथ किसी भी वैब पेज को अपडेट करने की अनुमति देता है।
- *Cache* प्लेस हार्ड डिस्क पर होता है, जहाँ हाल में विज़िट किए गए वैब पेजों को अस्थाई रूप से स्टोर किया जाता है।
- अस्थाई इन्टरनेट फाइलों को ब्राउज़र की गति को बढ़ाने के लिए समय–समय पर डिलीट किया जाना चाहिए।

## करने के लिए (To Do)

1. ब्राउज़र में निम्नलिखित काम करें।

- अपने सिस्टम में *gif* फाइलों को ढूँढ़ें और gif फाइल को इन्टरनेट एक्सप्लोरर के साथ खोलें।

  हिन्टः इन्टरनेट एक्सप्लोरर के साथ फाइल को खोलने के लिए, gif फाइल पर राइट–क्लिक करें और *Choose Program* विकल्प में से *Open With* को सिलैक्ट करें। दिए गए विकल्पों में से Internet Explorer को सिलैक्ट करें।
- अपने सिस्टम के My Pictures फोल्डर में पिक्चर को सेव करें।
- अपनी *Favorites* लिस्ट में पिक्चर को *Pic 1* नाम से जोड़ें।
- ब्राउज़र को बन्द करें।

2. ब्राउज़र में निम्नलिखित काम करें।

- अपनी Favorite लिस्ट में से *Pic 1* को एक्सिस करें।
- अपने डैस्कटॉप के लिए पिक्चर को बैकग्राउण्ड की तरह सेट करें।
- Temporary Files फोल्डर में से सभी फाइल्स और ऑफलाइन कन्टैन्ट को डिलीट करें।